**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**
**प्रौद्योगिकी भवन, न्यू महरौली रोड**
**नई दिल्ली-**110016

**विज्ञापन सं. डीएसटी/01/2023-स्था.III**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सीधी भर्ती आधार पर वैज्ञानिक के **04** पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आमंत्रित किए जाते हैं: -

**1. पदनाम**: **वैज्ञानिक - 'सी'**

i. **वेतनमान:** पे मैट्रिक्स 67700-208700 रुपये में स्तर -11

ii. **रिक्तियों की कुल संख्या: दो (02)**

iii. **पद की प्रकृति:** स्थायी

iv. **शैक्षिक और अन्य योग्यताएं:**

| **क्रम सं.** | **विषय** | **रिक्तियों की संख्या** | **संबंधित विषय हेतु अनिवार्य/ वांछनीय योग्यता** |
|---|---|---|---|
| 1. | फार्मेसी | **01** | अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में मास्टर डिग्री या समकक्ष ।<br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष । |
| 2. | भौतिकी | **01** | अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में मास्टर डिग्री या समकक्ष ।<br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष । |

v. **अनुभव**:

औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठन और वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में कार्य करने का चार वर्षीय अनुभव।

**2. पदनाम:** **वैज्ञानिक - 'डी'**

i. **<u>वेतनमान:</u>** पे मैट्रिक्स 78800-209200 रुपये में स्तर -12

ii. **<u>रिक्तियों की कुल संख्या</u>: दो (02)**

iii. **पद की प्रकृति :** स्थायी

iv. **<u>शैक्षिक और अन्य योग्यताएं:</u>**

| **क्रम सं.** | **विषय** | **रिक्तियों की संख्या** | **संबंधित विषय हेतु अनिवार्य/ वांछनीय योग्यता** |
|---|---|---|---|
| 1. | फार्मेसी | **01** | अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में मास्टर डिग्री या समकक्ष।<br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष । |
| 2. | औषध रसायन /जैव तकनीकी | **01** | **<u>औषध रसायन के लिए</u>**<br>अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से औषध रसायन में मास्टर डिग्री या समकक्ष।<br>वांछनीय:<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से औषध रसायन में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष ।<br>**<u>जैव तकनीकी के लिए</u>**<br>अनिवार्य:<br>(i)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी स्नातक या समकक्ष<br>अथवा<br>(ii)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव प्रौद्योगिकी में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री या समकक्ष<br>वांछनीय:<br>यदि आवश्यक डिग्री उपरोक्त (i) के अनुसार है, तो वांछनीय डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-प्रौद्योगिकी में मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में या समकक्ष होगी।<br>अथवा<br>यदि आवश्यक डिग्री उपरोक्त (ii) के अनुसार है, तो वांछनीय डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट की डिग्री या समकक्ष होगी। |

v. **<u>अनुभव:</u>**

औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थान या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों या वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में कार्य करने का आठ वर्ष का अनुभव, जिसमें से चार साल का अनुभव विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, आयोजना, विकास और सहयोग में कार्य करने का होगा ।

**टिप्पणी**: वैज्ञानिक **'**सी**'** और वैज्ञानिक **'**डी**'** के पदों के लिए**,** अनिवार्य योग्यता धारण करने में व्यतीत अवधि अनुभव में नहीं जोड़ी जाएगी। तथापि**,** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री, जिन मामलों में डॉक्टरेट की डिग्री अनिवार्य योग्यता नहीं है, प्राप्त करने में व्यतीत अवधि, अधिकतम दो वर्ष के अध्यधीन, और विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान में पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य के प्रकाशन में व्यतीत अवधि को**,** अधिकतम दो वर्ष के अध्यधीन, जो ऐसे विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान के प्रमाणन से पुष्ट हो, अनुभव में जोड़ा जाएगा।

**4.** **<u>आयु सीमा:</u>**

सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वैज्ञानिक 'सी' के मामले में 35 वर्ष और वैज्ञानिक 'डी' के मामले में 40 वर्ष होगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार सरकारी कार्मिकों हेतु ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी गई है। आयु सीमा में कोई अन्य छूट केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगी।

**टिप्पणी**: सभी मामलों में आयु-सीमा और पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। **अंतिम तिथि के उपरांत प्रस्तुत पात्रता समर्थक दस्तावेजों (एनओसी को छोड़कर) को आवेदन के भाग के रूप में नहीं माना जाएगा।**

**5.** **<u>छानबीन और चयन प्रक्रिया:</u>**

छानबीन और चयन प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। पात्रता समिति**,** स्क्रीनिंग-सह-शॉर्ट लिस्टिंग समिति और साक्षात्कार बोर्ड आदि की संरचना केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी। तथापि**,** स्क्रीनिंग-सह-शॉर्टलिस्टिंग समिति और साक्षात्कार बोर्ड के अधिकांश सदस्य और अध्यक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के बाहर से होंगे। यदि आवश्यक माना जाता है**,** तो छानबीन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा सम्मिलित होगी**,** जो सीधे केंद्र सरकार द्वारा या क्षेत्र में अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाली किसी अन्य केंद्रीय सरकारी एजेंसी या संगठन के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

## <u>सामान्य</u>

i. भरे जाने वाले पदों की संख्या परिवर्तित हो सकती है। विभाग बिना कारण बताए भर्ती रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

ii. **वैज्ञानिक 'सी' और वैज्ञानिक 'डी' के पद से संबंधित रिक्तियां आरक्षण के दायरे से बाहर हैं।**

iii. प्रासंगिक भर्ती नियम निम्नलिखित लिंक: **https://dst.gov.in/sites/default/files/gazetted-post-2013.pdf** पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले इसका अवलोकन करें।

iv. आवेदकों को विभाग की वेबसाइट <u>www.dst.gov.in</u> नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है। भर्ती प्रक्रिया संबंधी कोई भी अनुशेष /शुद्धिपत्र या कोई भी अपडेट केवल विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

v. अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें और अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें ताकि तिथि समाप्ति के दिनों में वेबसाइट पर भारी लोड के कारण पोर्टल पर लॉग इन करने में असमर्थता या विफलता की संभावना से बचा जा सके।

vi. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इतनी योग्यता का धारण अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रण का पात्र नहीं बनाता है। उपरोक्त उल्लिखित अनिवार्य और वांछनीय अर्हताओं की 'समतुल्य' योग्यता पर विचार करना, आवेदन जांच हेतु गठित प्रयोज्य समिति का स्वनिर्णय होगा। यदि विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है, तो विभाग सुपरिभाषित मानदंड, जिसमें विज्ञापन में निर्धारित से अधिक वांछनीय योग्यता और/अथवा अनुभव और/अथवा विभाग की विशिष्ट आवश्यकतानुसार किसी विशेष क्षेत्र में योग्यता/अनुभव शामिल हो सकता है, के आधार पर चयन प्रक्रिया के माध्यम से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित कर सकता है। साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों में से वरीयता क्रम में उम्मीदवारों का आरक्षित पैनल तैयार किया जाएगा जो साक्षात्कार की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगा। पैनल का उपयोग विज्ञापित रूप में प्रस्तुत रिक्तियों सहित उन रिक्तियों, जो सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/ मृत्यु आदि जैसे किसी भी कारण से इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख के बाद उत्पन्न हो सकती हैं/हो गई होंगी, को भरने के लिए किया जा सकता है। जिन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया गया है/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं किया गया है, उनसे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थिता अयोग्य हो जाएगी।

vii. चूंकि साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों के लघुसूचीयन के मानदंड को न्यूनतम पात्रता मानदंड से और अधिक किया जा सकता है, इसलिए अभ्यर्थियों को **सलाह दी जाती है कि वे अपनी पूर्ण शैक्षिक योग्यता और/अथवा अनुभव प्रस्तुत करें और साथ ही अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में अन्य दस्तावेज जैसे शोध-पत्रों की सूची आदि संलग्न करें।**

viii. चयनित अभ्यर्थी को भारत में और भारत के बाहर सेवा करने के लिए कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

**आवेदन कैसे करें**:

(क) योग्य अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे वैध ईमेल आईडी का उपयोग करके केवल **ऑनलाइन** पोर्टल **https://recruitment.dst.gov.in/** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। **किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे।** आवेदन करने हेतु यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापन की तिथि से 60 दिन की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें और संबंधित प्रमाण पत्र / दस्तावेज अपलोड करें। ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश पोर्टल पर 'आवेदन कैसे करें' लिंक पर क्लिक करके देखा जा सकता है। अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र भरने से पूर्व निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। यह सुनिश्चित करना अभ्यर्थी का दायित्व है कि वह आवेदन भरते समय निर्देशों का पालन करे और स्पष्ट पठनीय प्रमाण पत्र / दस्तावेज अपलोड करे। गलत प्रमाण पत्र/दस्तावेज अपलोड करने से अभ्यर्थिता रद्द हो सकती है। आवेदन की **हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

(ख) डॉक्टरेट डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पंजीकरण की तिथि और पीएचडी डिग्री प्राप्त करने की तिथि का प्रमाण अनुलग्नक-1 में निर्दिष्ट संरूप में रजिस्ट्रार द्वारा विधिवत प्रमाणित कराकर अपलोड करना होगा।

(ग) **टिप्पणी: कार्य/अनुसंधान कार्य के अनुभव/नियोजन के प्रमाण पत्र में कार्य-भार-ग्रहण-तिथि, भारमुक्ति तिथि और धारित पद का साफ-साफ उल्लेख होना चाहिए ।** यदि किसी अभ्यर्थी ने एक ही संगठन में विभिन्न पदों /स्तरों (पदोन्नति आदि के कारण) पर काम किया है**,** तो अनुभव/ नियोजन के प्रमाण-पत्र में प्रत्येक पद/ स्तर (स्पष्ट रूप से प्रत्येक पद/स्तर का दिनांक दर्शाते हुए) पर व्यतीत समय को स्पष्ट रूप से इंगित करना चाहिए ।

(घ) **टिप्पणी: केवल अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के उपरांत प्राप्त अनुभव को सम्पूर्ण अनुभव में जोड़ा जाएगा।**

(ङ) अभ्यर्थियों को आवेदन में प्रस्तुत दावे के संबंध में, यथावश्यक, मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे ।

(च) **टिप्पणी:** विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी प्रमाण-पत्रों को समतुल्यता प्रमाण-पत्र के रूप में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू)**,** नई दिल्ली द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। तथापि**,** ऐसे मामलों में जहां एआईयू विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त उन विषयगत ऐसी व्यावसायिक डिग्रियों की समतुल्यता के आवेदनों पर विचार नहीं करता है जो वर्तमान में एआईयू के अधिकार-क्षेत्र से बाहर हैं और जहां ऐसे मामलों पर संबंधित व्यावसायिक परिषदों

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा कार्रवाई की जाती है, आवेदक को ऐसी व्यावसायिक परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र (पत्रों) को अपलोड करने की आवश्यकता है। अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार सभी मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(छ) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत अभ्यर्थी उस संगठन के सक्षम प्राधिकारी से, जहां वे सेवारत हैं, अनुलग्नक-II में निर्दिष्ट-अनुसार **अनापत्ति प्रमाण पत्र** (एनओसी) अपलोड कर सकते हैं। यदि निर्धारित समयावधि में एनओसी प्राप्त नहीं की जा सकती है, तो अभ्यर्थी को वचन-बंध अपलोड करना होगा कि वह साक्षात्कार प्रक्रिया के समय एनओसी जमा करेगा, ऐसा नहीं करने पर, उसकी उम्मीदवारी सरसरी तौर पर खारिज कर दी जाएगी।

(ज) शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, विकलांगता, समुदाय (केवल एससी / एसटी / ओबीसी उम्मीदवारों के मामले में) और अनुभव के समर्थन में प्रमाण-पत्र की प्रतियां आवेदन सहित अपलोड की जानी चाहिए। अभ्यर्थियों को आवश्यकता पड़ने पर मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

विज्ञापन के हिंदी और अंग्रेजी रूपांतर के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, विज्ञापन का अंग्रेजी रूपांतर अभिभावी होगा।

(**विनोद कुमार शर्मा**)
**अवर सचिव**

**<u>अनुलग्नक -I</u>**

<u>जिनसे भी संबंधित हो</u>

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ___________________ सुपुत्र/सुपुत्री ________________________, पंजीकरण संख्या____________________ इस विश्वविद्यालय/संस्थान में पीएचडी पाठ्यक्रम में निम्नानुसार पंजीकृत/नामांकित थे:

i. पीएचडी के लिए पंजीकरण / नामांकन की तिथि: ___________________
ii. पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तिथि: ___________________
iii. पीएच.डी. डिग्री पूरा होने की तिथि ______________

**रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर और कार्यालय सील**

**अनुलग्नक-।।**

**<u>प्रमाण-पत्र</u>**

**(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किया जाए)**

i. प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री ................................ ने दिनांक ................ को इस संगठन में ............. पद पर कार्यभार ग्रहण किया और वे पद पर............. वर्तमान में कार्य कर रहे हैं/रही हैं।

ii. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता कार्यवाही लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित है।

iii. ................. पद से संबंधित श्री/श्रीमती/सुश्री ................................ के आवेदन की अनुशंसा की जाती है। उनका चयन हो जाने पर विभाग/संगठन उन्हें भारमुक्त कर देगा।

**स्थान:**
**दिनांक:**

**संगठन/ कार्यालय प्रमुख**
**के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर**